पंजाब केसरी 15/11/2025

# पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान शर्मा रही अव्वल

■ रचनात्मक प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं : डॉ. रोहित दत्त



प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 14 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ और रसायन शास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति, सामाजिक जागरूकता और कला क्षमता को प्रोत्साहित करना था। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रितु ने प्रथम, अंश राठी ने द्वितीय तथा प्रिंस राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान शर्मा ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय और निधि ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। उन्होंने कहा कि रचनात्मक प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि कॉलेज के विद्यार्थी अकादमिक उपलब्धियों के साथ-साथ कला, अभिव्यक्ति और नवाचार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और विचारशीलता को मजबूती देते हैं।

कार्यक्रम की संयोजक एवं रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अपनी भावनाओं, विचारों और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का प्रभावशाली माध्यम बनी। उन्होंने कहा कि पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों को जिस संवेदनशीलता और समझ के साथ प्रस्तुत किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन न केवल कला के प्रति उनकी रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जागरूक, विचारशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। हमारा उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को बहुमुखी विकास के अवसर प्रदान करना रहा है।

दोनों प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. चन्द्रपाल पूनिया, डॉ. पिंकी गुप्ता और प्रो. राजिंदर मीरवाल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति कौशल की प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों की उत्कृष्ट भागीदारी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ की छात्र सदस्य पलक और मानसी ने सक्रिय योगदान दिया।